आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :460 पृष्ठ –4 दिनांक 23 अप्रेल 2025 दिन बुधवार

## मथुरा फर्जी अपहरण का भंडाफोड़, मांगी गई थी 15 लाख की फिरौती बाप-बेटे गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के मथुरा में पुलिस ने सोमवार को अपहरण के एक फर्जी मामले का भंडाफोड़ करने का दावा किया, जिसमें 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक  लोक कुमार ने बताया, पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि शिकायतकर्ता पिता और उसके बेटे ने उधार की रकम लौटाने से बचने के लिए अपहरण का मामला गढ़ा था.उन्होंने कहा कि वादी और उसके बेटे को रविवार को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस के मुताबिक, अलीगढ़ जिले के इगलास थाना क्षेत्र के पिथेर गांव निवासी गुड़ व्यापारी नवाब सिंह (46) ने शुक्रवार को मथुरा जिले के जमुनापार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके बेटे सोनू (22) का अपहरण कर लिया गया है और उससे 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है.पुलिस ने बताया कि जांच में यह मामला फर्जी पाया गया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि टीम ने जैसे ही सीसीटीवी कैमरे व होटलों से अपहृत की



तलाश शुरू की तो उसे एक होटल में एक संदिग्ध युवक के 18 और 19 अप्रैल ठहरने की जानकारी मिली. उन्होंने बताया कि युवक की 'लोकेशन' कोतवाली क्षेत्र में धौली प्याऊ व राजस्थान में खाटू श्याम जी होकर जयपुर पहुंचने की मिली जिसके बाद टीम जयपुर गई और वहां से कथित अपहृत युवक व उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया.वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'पूछताछ में पता चला कि नवाब सिंह ने बेटी की शादी के लिए लाखों का कर्ज लिया था. कर्ज न चुकाना पड़े, इसके लिए साजिश रची जिससे लोगों की सहानुभूति भी मिल जाए और कर्ज चुकाने से भी कुछ हद तक बच जाए.' पुलिस ने बताया कि उनका यह दांव उल्टा पड़ गया. सोमवार को पुलिस ने झूठा मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में पिता–पुत्र को अदालत में पेश किया और फिर वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया.

## लखनऊः सेवा सुरक्षा की बहाली को लेकर हजारों शिक्षकों ने भरी हुंकार, अधिकारियों को दिया मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन

लखनऊ  उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के बैनर तले सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने सेवा सुरक्षा की धारा 12, 18 एवं 21 की बहाली के लिए सोमवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा की अध्यक्षता में इको गार्डन में धरना प्रदर्शन किया। तेज धूप और गर्मी में शिक्षक डटे रहे। दोपहर बाद शिक्षकों के विधान भवन कूच करने की जानकारी होते ही सीएम कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने संगठन के प्रतिनिधि मण्डल को बुलाकर वार्ता की। उन्होंने मौके पर निद. `शक को शिक्षकों के पदोन्नति का आदेश जारी करने को कहा और सेवा सुरक्षा के मामले जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। प्रशासन के अधिकारियों को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भी दिया।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने कहा कि उप्र. माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 12, 18 एवं 21 को उप्र. माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 से हटा दिया गया है। इससे सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के निलंबन और बर्खास्तगी के मामले बढ़ गए हैं। धरने का संचालन कर रहे संगठन के प्रदेश महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि स्कूलों के प्रबंधक और अधिकारी शिक्षकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। शिक्षक सेवा सुरक्षा के अभाव में भयभीत एवं सशंकित हैं। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा, माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा समेत शिक्षक प्रति. निधियों के साथ वार्ता की।डेढ़ वर्ष से बंद है पदोन्नति प्रदेश संरक्षक डॉ. हरिप्रकाश यादव तथा प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा ने कहा कि डेढ़ वर्ष से सहायक अध्यापक से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति नहीं हुई है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा तथा प्रदेश मंत्री संदीप शुक्ल कहा कि संगठन सेवा सुरक्षा की बहाली के लिए आर पार का संघर्ष करने के लिए तैयार है। संगठन के उपाध्यक्ष दीपक सिंह पुंडीर एवं प्रदेश मंत्री प्रमोद कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा, प्रमोद कुमार, ध्रुव नारायण चौधरी, तीर्थराज पटेल, मो. जावेद, सुरेश पासी समेत हजारों शिक्षक शामिल हुए।टेंट न कुर्सी दरी पर बैठे शिक्षक पुलिस और प्रशासन ने शिक्षकों को धरना स्थल पर टेंट व कुर्सियां नहीं लगाने दी। तो शिक्षकों ने दरी बिछाकर धरना शुरू कर दिया। तेज धूप और गर्मी भी शिक्षक धरने पर डटे रहे। दोपहर बाद गर्मी बढ़ने पर छांव की तलाश में शिक्षक पेड़ों के नीच पहुंचे। प्रदेश भर से आए शिक्षकों ने सेवा सुरक्षा के मुद्दे पर बातें रखी। शिक्षकों ने कहा कि सेवा सुरक्षा की धारा 12,18, एवं 21 की बहाली जब तक नहीं होती है। शिक्षकों का आन्दोलन जारी रहेगा।

## यूपी वालों को तगड़ा झटका, महंगी हुई बिजली, अप्रैल के बिल से ही होगी वसूली

उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका लगा है. पांच साल बाद बिजली की दरें बढ़ाई गईं हैं. अप्रैल के बिल से ही फ्यूल सरचार्ज के तौर पर उपभोक्ताओं से बिजली की वसूली होगी. राज्य में ऐसा पहली बार होगा जब सरच. ार्ज लागू होने से हर महीने बिजली के बिल घटते बढ़ते रहेंगे. प्रदेश में बिजली की दरों में 1.24 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है.इस फैसले से राज्य में बिजली कंपनियों को 3.45 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं से 78.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई होगी. न्च्ब्ब्ग ने बिजली के बिल में गुपचुप तरीके से बढ़ोत्तरी की है. सभी बिजली उपभोक्ताओं पर 1.24: ईंधन अधिभार शुल्क लगा है. पेट्रोल–डीजल की तर्ज पर बढ़ेंगे घटेंगे दाम अब हर माह ईंधन अधिभार शुल्क घटेगा या बढ़ेगा. यूपी में बिजली बिल डीजलध्पेट्रोल की तर्ज पर हर माह घटेगा बढ़ेगा. उधर विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली बिल में बढ़ोत्तरी का विरोध किया है. न्च विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि  न्च्ब्ब्ग पर उपभोक्ताओं के 33, 122 करोड़ रूपये बकाया है. न्च्ब्ब्ग ने बिना उपभोक्ताओं के पैसे अदा किए बिजली बिल में बढ़ोत्तरी क्यों किया? उन्होंने कहा कि न्च राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद विरोध करेगा. वर्मा ने दावा किया कि पिछले दिनों एक 5 सितारा होटल में हुई बैठक में उसमे निजी घरानों ने कहा था कि यहां बिजली की दर तो बढ़ती नहीं है, उन्ही घरानों को खुश करने के लिए अधिकारियों ने ये किया है. 33,122 करोड़ हमारा पहले से सरप्लस है, उसमे एडजस्ट करना था, लेकिन नहीं किया. उन्होंने मांग की है कि अगले महीने 2 फीसदी यह सरचार्ज कम होबता दें उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 में इस साल जनवरी बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनियों को हर महीने खुद ही फ्यूल सरचार्ज तय करने का हक दे दिया था. आयोग द्वारा यह अधिकार मिलने के बाद कंपनियों ने पहली बार सरचार्ज लगाया.

## दलितों पर अत्याचार को गंभीरता से लेकर केंद्र व राज्य सरकारें करें सख्त कार्रवाई

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र व सभी राज्य सरकारें दलितों पर हो रहे अन्याय–अत्याचार और इनके महान संतों, गुरुओं तथा महापुरुषों के अनादर–अपमान की घटनाओं को गंभीरता से लेकर सख्त कार्रवाई कर इन्हें रोकें, वरना इन वर्गों के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे।बसपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक श्एक्सश खाते पर कहा श्श्संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर इस बार देश के कई राज्यों में उनकी प्रतिमा का अनादर किया गया। इस मौके पर हुए कार्यक्रम या निकाले गए जुलूस पर सामंती तत्वों के हमलों में अनेक लोगों के हताहत होने की घटनाएं अति–शर्मनाक हैं। यह घटनाएं सरकारों के दोहरे चरित्र का प्रमाण हैं।'' अपने सिल. सिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुरैना में आंबेडकर जयंती पर जुलूस के दौरान दलित की हत्या और कई लोगों के घायल होने की घटना अति–निन्दनीय है। उन्होंने कहा ''दोषियों के विरुद्ध अभी भी सख्त कार्रवाई नहीं किये जाने से राज्य सरकार संदेह के घेरे में है।श्श उन्होंने कहा कि केंद्र व सभी राज्य सरकारें दलितों पर ऐसे हो रहे अन्याय–अत्याचार, इनके महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के अनादर–अपमान की घटनाओं को सख्त कार्रवाई कर रोकें, वरना इन वर्गों के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे।बसपा प्रमुख ने दलितों को आगाह करते हुए कहा कि ऐसी जातिवादी घटनाओं से स्पष्ट है कि केन्द्र व राज्य सरकारें बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती आदि पर जो कार्यक्रम आयोजित करती हैं, वह सब दलितों के वोट की खातिर पूर्णतः छलावा है। उन्होंने कहा '' दलित समाज ऐसे दोहरे चाल, चरित्र व चेहरे वाली पार्टियों से जरूर सावधान रहें।श्श

## लखनऊः अधिकारी दबाए बैठे सेक्सोलॉजिस्ट की दवाओं की जांच रिपोर्ट, स्टेरॉयड की मिलावट की हुई थी शिकायत

लखनऊ : आयुर्वेद की दवाओं में स्टेरॉयड की मिलावट की शिकायत पर राजधानी के पांच सेक्सोलॉजिस्ट के क्लीनिकों में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की दवा इकाई ने छापे मारकर नमूने जांच लिए थे। नमूनों की जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है, लेकिन रिपोर्ट को अफसर दबाए बैठे हैं, वह समीक्षा करने की बात कह रहे हैं। रिपोर्ट की जानकारी सहायक मंडल आयुक्त को भी नहीं भेजी गई। जानकारों का कहना है यदि रिपोर्ट में स्टेरॉयड की पुष्टि होती है तो यह मरीजों की सेहत के साथ सीधा खिलवाड़ हा. `गा।आईजीआरएस पोर्टल पर 18 फरवरी को शिकायतें मिली। जिसमें कहा गया कि शहर के पांच सेक्सोलॉजिस्ट आयुर्वेद के नाम पर मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। मरीजों को आयुर्वेद में स्टेरॉयड व एलोपैथिक दवाएं मिलाकर बेच रहे हैं। ये सेहत के लिए घातक हैं। शिकायत के बाद एफएसडीए की टीम ने हजरतगंज स्थित एसके जैन, एपी सेन रोड स्थित डॉ. एके जैन, हुसैनगंज चौराहा बासमंडी स्थित डॉ. पीके जैन, लालकुंआ हुसैनगंज स्थित राणा डिस्पेंसी और चारबाग पानदरीबा स्थित डॉ. ताज की क्लीनिक में छापे मारकर दवाओं का नमूना लिए थे। नमूने जांच के लिए मेरठ भेजे गए थे। सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश कुमार ने एक माह में रिपोर्ट आने का दवा किया था। दो माह बाद भी रिपोर्ट



को सार्वजनिक नहीं की जा सकी है। जिले के औषधि निरीक्षक का कहना है रिपोर्ट आ चुकी है, लेकिन अभी लिफाफा नहीं खोला जा सका। जल्द ही रिपोर्ट साझा की जाएगी।जानलेवा होता है स्टेरॉयड विशेषज्ञों के मुताबिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह है। इसका ज्यादा इस्तेमाल से मौत तक हो सकती है। इससे आदमी नपुंसक तक बन सकता है। चेहरे पर मुहांसों का कारण बनता है और गुस्सैल बनाता है। हड्डियों से जुड़ी परेशानी लेकर जब कोई मरीज डॉक्टर के पास जाता है तो वो उससे यह जरूर पूछता है कि कभी स्टेरॉयड का सेवन तो नहीं किया। इसका नियमित सेवन लीवर को तो क्षतिग्रस्त करता ही है, साथ ही लीवर कैंसर का कारण भी बनता है। युवा अवस्था में स्टेरॉयड का सेवन हार्टअटैक का कारण भी बनता है। इसके साथ त्वचा रोग सहित अन्य रोग भी इसके प्रमुख साइड इफेक्ट हैं।7 साल पहले लिए गए नमूने हुए थे फेल ड्रग विभाग के तत्क. ालीन ड्रग इंस्पेक्टर रमाशंकर ने बर्लिंग्टन स्थित डॉ. एसके जैन क्लीनिक पर वर्ष 2018 में छापा मारा था। दवाओं के छह नमूने जांच के लिए भेजे थे। इसमें तीन नमूने स्टेरॉयड की मौजूदगी के कारण अनसेफ श्रेणी में फेल हुए थे। जबकि तीन अन्य नमूने पैकेजिंग एक्ट के उल्लंघन व घटिया गुणवत्ता के कारण सबस्टैंडर्ड आधार पर सुरक्षित श्रेणी में फेल हुए थे। ड्रग विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद क्लीनिक का पंजीकरण भी रद्द किया गया था। कुछ माह बीतने बाद भी अफसरों ने सांठगांठ करके क्लीनिक संचालन का लाइसेंस दे दिया था।रिपोर्ट आ गई ये हमें जानकारी नहीं है। जिले के अफसरों से रिपोर्ट की जानकारी लेकर साझा की जाएगी। जांच रिपोर्ट में दवाओं में स्टेरॉयड मिला तो क्लीनिक संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई होगी।

## पोप फ्रांसिस के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया

पोप फ्रांसिस के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. गृह मंत्रालय द्वारा देश में अगले तीन दिन तक राजकीय शोक की घोषणा की गई है. इस फैसले के संदर्भ में यूपी में भी राज्य सरकार ने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं.इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया. एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा, श्कैथोलिक ईसाई समुदाय के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं वैश्विक कैथोलिक समुदाय के साथ हैं.श्बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, श्पोप फ्रांसिस को करुणा, विनम्रता और उदात्त सेवा भावना के लिए सदैव याद किया जाएगा. ईश्वर से प्रार्थना है कि वह उनके शोकाकुल अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें.श फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वह पिछले करीब 1,300 वर्षों में पहले गैर–यूरोपीय पोप थे.बता दें गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पोप फ्रांसिस निधन पर सम्मान के तौर पर तीन दिवसीय राजकीय



शोक की घोषणा की है. पोप फ्रांसिस के निधन पर, पूरे भारत में तीन दिवसीय राजकीय शोक मनाया जाएगा. इसमें मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025 और बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 को दो दिवसीय राजकीय शोक होगा. वहीं अंतिम संस्कार के दिन एक दिवसीय राजकीय शोक होगा. राजकीय शोक की अवधि के दौरान, पूरे भारत में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, और कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं होगा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग उन्हें हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे. मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्परम पावन पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है. दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वै. श्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं. पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा.।

# मंदबुद्धि युवक के विवाद में बुजुर्ग मां की मौत

## हाथरस में 70 वर्षीय महिला ने बेटे को बचाने की कोशिश की, मारपीट में जान गई

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव सीयमल में एक मानसिक रूप से कमजोर युवक के विवाद में उसकी 70 वर्षीय मां की मौत हो गई।घटना की जानकारी देते हुए मृतका के बेटे गजेंद्र ने बताया कि उनका भाई अशोक मंदबुद्धि है। वह अक्सर गांव में गाली–गलौज करता रहता है। इस बार भी उसने एक परिवार के सदस्यों के साथ विवाद कर दिया। इससे नाराज होकर वे लोग अशोक को पीटने के लिए उनके घर आ गए। अशोक की मां 70 वर्षीय भगवान देवी ने जब अपने बेटे को बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस दौरान उनकी हालत बिगड़ गई।. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा.परिजन तुरंत उन्हें मुरसान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## हाथरस जिले के सादाबाद में मौसम के लगातार बदलाव किसानों की चिंता बढ़ गई



हाथरस जिले के सादाबाद क्षेत्र में मौसम के लगातार बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के डर से किसान अपनी गेहूं की फसल बचाने में जुटे हैं। पिछली आंधी और बारिश से पहले से ही काफी नुकसान हो चुका है।किसान दिन–रात खेतों में मेहनत कर रहे हैं। वे फसल काटने के बाद दो दिन सुखाकर मशीन से गेहूं निकाल रहे हैं। जिन किसानों ने पिछली आंधी से पहले गेहूं निकाला था, उनका आधे से ज्यादा भूसा उड़ गया।किसान अपने परिवार और मजदूरों के साथ गेहूं की कटाई में लगे हैं। वे ट्रैक्टर चालकों से भी लगातार संपर्क में हैं, जिनके पास गेहूं निकालने की मशीन है। गेहूं सूखते ही उसे निकलवा रहे हैं। भूसा बचाने के लिए किसान नए तरीके अपना रहे हैं। वे बाजार से लोहे की जाली खरीदकर बुर्जी बना रहे हैं। इस बुर्जी में भूसा भरकर ऊपर से प्लास्टिक का ति. रपाल और मूंज से ढक रहे हैं। इससे बारिश से भूसा भीगने से बच जाएगा।

## जीटी रोड पर युवकों ने किया स्टंट

हाथरस में युवाओं द्वारा की जा रही खत. रनाक स्टंटबाजी से आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है। सिकंदराराऊ में जीटी रोड पर 20 से अधिक युवकों ने 6 कारों से स्टंटबाजी कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया। युवक कारों की छतों पर बैठे नजर आए और खिड़कियों से लटकते हुए स्टंट करते रहे।कारों पर स्टंटबाजी का चलन बढ़ता जा रहाउन्होंने सिकंदरा राऊ बस स्टैंड से पंत चौराहे तक का पूरा रास्ता स्टंटबाजी करते हुए तय किया। यह पहला मामला नहीं है। सोमवार को भी इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पुलिस ने स्टंटबाजी करने वाले युवकों पर 7,000 रुपये का जुर्माना लगाया था।स्थानीय लोगों के अनुसार, हाथरस में कारों पर स्टंटबाजी का चलन बढ़ता जा रहा है। युवकों की यह हरकत किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वर्तमान में इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## यूपी पुलिस भर्ती का अगला चरण शुरू

**1034 अभ्यर्थियों का मेडिकल टेस्ट और चरित्र सत्यापन 7 मई तक चलेगा, एसपी ने किया निरीक्षण**

हाथरस में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। चयनित 1034 अभ्यर्थियों का मेडिकल टेस्ट और चरित्र सत्यापन शुरू हो गया है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परीक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल परीक्षण टीम और चरित्र सत्यापन की जांच में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की।एसपी ने टीम को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की गाइ. डलाइन से अवगत कराया। यह प्रक्रिया 7 मई तक चलेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से भी बातचीत की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश..परीक्षण केंद्र में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। एसपी ने सभी काउंटर और टेबलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## हाथरस में राष्ट्रीय हनुमान दल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया

हाथरस में राष्ट्रीय हनुमान दल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। तालाब चौराहे पर हनुमान दल के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला जलाया और नारेबाजी की।राष्ट्रीय हनुमान दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन कानून के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। यह उत्पीड़न एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने ममता सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की।



यह रहे मुख्य रूप से मौजूद.प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ममता सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई है। इस दौरान ब्रज प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सारस्वत, जिला अध्यक्ष गजेंद्र पालवत समेत छोटेलाल, पप्पू, अंकित सिंह, जयप्रकाश, गंभीर सिंह, विष्णु, जितेंद्र, गिरीश और पूरन सिंह मौजूद रहे।

## हाथरस के हसायन कस्बे में एक महिला के दो छोटे बच्चों के साथ लापता होने का मामला सामने आया



हाथरस के हसायन कस्बे में एक महिला के दो छोटे बच्चों के साथ लापता होने का मामला सामने आया है। मोहल्ला शीशग्रान की रहने वाली 40 वर्षीय रुबीना 18 अप्रैल को अपने 6 साल की बेटी समीना और 4 साल के बेटे अरशद के साथ झारखंड जाने के लिए अलीगढ़ रेलवे स्टेशन गई थी।रुबीना को उनका बड़ा बेटा आदिल सुबह 9 बजे स्टेशन नंबर 2 पर छोड़कर आया था। वह अपने बहनोई समशुद्दीन अंसारी के घर जा रही थी, जो झारखंड के पलामू जिले के पोखराहा खुर्द में रहते हैं। लेकिन वह अभी तक वहां नहीं पहुंची है।परिजनों ने जब बहनोई के घर संपर्क किया तो पता चला कि रुबीना वहां नहीं पहुंची है। इसके बाद परिवार के लोग उसकी तलाश में जुट गए। सोमवार को परिजनों ने हसायन कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल अलीगढ़ रेलवे स्टेशन होने के कारण उन्हें वहां की जीआरपी में शिकायत करने को कहा।अभी तक महिला और बच्चों का नहीं लगा सुराग..परिवार के सदस्य और ससुराल पक्ष के लोग रुबीना और उसके दो मासूम बच्चों की तलाश में लगातार प्रयास कर रहे हैं। पांच दिन बीत जाने के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## हाथरस में एक महिला के साथ घरेलू हिंसा का मामला सामने आया

हाथरस में एक महिला के साथ घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव भोजपुर में रहने वाली 23 वर्षीय आशू पत्नी सोनू के साथ उसकी सास ने मारपीट की। आशू की शादी दो साल पहले सोनू के साथ हुई थी।उसका मायका अलीगढ़ के विजयगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव सुहावली में है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सास अक्सर उसके साथ मारपीट करती है। इसकी वह अपने मायके के लोगों से कई बार शिकायत भी कर चुकी है।जिला अस्पताल में कराया भर्ती इस बार सास ने न सिर्फ उसे पीटा बल्कि अपने दांतों से उसका कान भी काट लिया। इससे उसके काफी चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़िता के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। गंभीर चोटों के कारण महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण किया गया है। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की है।

## हाथरस जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र बंद



हाथरस जिला अस्पताल का प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पिछले एक सप्ताह से बंद है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। बागला जिला अस्पताल में स्थित यह केंद्र मरीजों को कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध कराता है। केंद्र के बंद होने से रोगियों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। उन्हें बाहर दवा की दुकानों से महंगे रेट पर दवाई खरीदनी पड़ रही है। इससे उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।शासन ने नई फर्म को दिया है टेंडर जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्य प्रकाश ने बताया कि शासन ने एक नई फर्म को केंद्र का टेंडर दिया है। नई फर्म केंद्र को दोबारा शुरू करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले एक–दो दिन में केंद्र फिर से खुल जाएगा और मरीजों को सुविधाजनक तरीके से सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी।

## प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, कानूनी कार्रवाई की मांग

सिकन्दराराऊ । श्री परशुराम सेना ने बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के प्रति की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर गहरा रोष व्यक्त किया है। सेना के सदस्यों ने इस विषय को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। जिसमें अनुराग कश्यप के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि अनुराग कश्यप द्वारा की गई टिप्पणी न केवल ब्राह्मण समाज का अपमान है, बल्कि पूरे सनातन धर्म की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली है। परशुराम सेना के महासचिव सजल पंडित का कहना है कि



इस प्रकार की भाषा और मानसिकता समाज को बांटने का कार्य करती है, जो देश के सांस्कृतिक ताने–बाने के लिए अत्यंत घातक है। श्री परशुराम सेना ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। परशुराम सेना के अध्यक्ष मयंक उपाध्याय ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया है कि ब्राह्मण समाज के स्वाभिमान से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा और सनातन संस्कृति के सम्मान की रक्षा हेतु हर संभव कदम उठाया जाएगा।

## ऑपरेशन जागृति फेज–04" के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में दी जानकारी

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति फेज–4 अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना हाथरस गेट क्षेत्रांतर्गत सरस्वती विधा मन्दिर स्कूल पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन–जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई । अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा महोदया स्तर पर महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा/सशक्तिकरण/संवाद/परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु यूनीसैफ के पदाधिकारियों के माध्यम से जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी ।उपरोक्त अभियान के सफल संचालन एवं बेहतर परिणामों के फलस्वरूप जोन स्तर पर उक्त अभियान के चतुर्थ फेज का पुनः शुभारम्भ किया गया है यह अभियान जोन स्तर पर 17 अप्रैल से 17 मई तक चलाया जायेगा । आपरेशन जागृति फेज–04 अभियान की सहायता से महिलाओं/बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपो. र्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और किन्ही कारणों से उनको समझौता करना पड़ता है कई बार बा. लिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है। साथ ही साथ बदनामी के भय से किसी से शेयर नहीं करती हैं, जिसके कारण वह ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको अक्षम महसूस करती हैं। परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बा. लिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है । इसके अतिरिक्त आज के दुरुपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि पा. रिवारिक विवाद/पारस्परिक भूमि विवाद का यथोचित समाधान नहीं दिखने पर अपराधिक घटनाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों को जोड़ दिया जाता है । इस अभियान से इस प्रकार गलत रिपोर्टिंग के मामलों में भी कमी आयेगी ।इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बा. लिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्बाद न करें और उन्हें मोहरा बनाकर जमीनी विवादों का समझौता न किया



जाये। यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ–साथ उनको मिल रही है परिस्थितियों के दृष्टिगत ऑपरेशन जागृति फेज–4 अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान में निम्नांकित के आपसी समन्वय से ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन0आर0एल0एम0) महिला एवं बाल विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार (आ. ई0सी0डी0एस0)। युवा एवं खेल विभाग, सकिय छळे६ मनोवैज्ञानिक ६ काउंसलर्स ६ न्छप्ब्म् (चीफ कोर्डिनेटर), पुलिस विभाग शामिल है ।



# विश्व पृथ्वी दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम–कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में हुआ भव्य आयोजन

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अलीगढ़ नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माननीय महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त विनोद कुमार जी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण और पृथ्वी को बचाने के लिए सराहनीय प्रयास किए।कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 30 स्क. ूलों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और पृथ्वी, पेड़ पौधों और पर्यावरण को बचाने के लिए मॉडल और संदेश तैयार किए।महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा विश्व अर्थ डे पर स्कूली बच्चों की प्रदर्शनी सराहनीय योग्य है इसके लिए हदय से सभी स्कूल संचालकों को हदय से आभार करता हूँ उन्होंने कहा पृथ्वी हमारी माता है और हमें इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।उन्होंने संकल्प दिलाते हुए कहा सिर्फ आज ही नही 365 दिन अर्थ डे होना चाहिये है स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल और संदेश पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता और उत्साह को दर्शाते हैं।नगर आयुक्त विनोद कुमार जी ने कहा पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम सभी को अपने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें




अपनानी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मॉडल और पोस्टर बनाए और अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए विभिन्न तरीकों पर चर्चा की, जैसे कि वृक्षारोपण, जल संचयन, और ऊर्जा की बचत।अलीगढ़ नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और इसके लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया।इस अवसर पर महापौर और नगर आयुक्त ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के अंत में, महापौर और नगर आयुक्त ने स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम ने स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अलीगढ़ नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली बच्चों ने पर्यावरण




संरक्षण के महत्व को समझा और इसके लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में डॉ ज्ञानेंद्र मिश्रा रिंकू सिंह सुमित सर्राफ शीतल नंदन प्रवीण मंगला प्रोफेसर गीता चौधरी डॉ आरती मित्तल को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर निगम द्वारा ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में जीडी पब्लिक स्कूल नीहार मीरा नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरे कृष्णा पब्लिक स्कूल शांतिनिकेतन वर्ल्ड स्कूल हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल केतन कान्वेंट स्कूल मदर्स टच स्कूल ब्लैक डेल पब्लिक स्कूल अल बरकात पब्लिक स्कूल इकरा पब्लिक स्कूल हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल विश्व भारती पब्लिक स्कूलविजडम पब्लिक स्कूल डीएस बाल मंदिर तारीन मॉडर्न पब्लिक स्कूल एनएस इंटरनेशनल द ब्लॉसम्स स्कूल विजनग्लोबलस्कूल रेडियंट स्टार्स इंग्लिश स्कूल ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वुडबाइन स्कूल कृष्णा इंटरनेशनल महर्षि विद्या मंदिर अंकुर पब्लिक स्कूल नारायणी इंटरनेशनल स्कूल थ्री डॉट्स स्कूल के बच्चों ने स्टाल लगाई।

## संविलियन विद्यालय कोंडरा में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

अलीगढ़ संविलियन विद्यालय कोंडरा में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को ईको क्लब की नोडल अध्यापिका श्रीमती वंदना यादव के दिशानिर्देशन में विद्यालय के छात्रछात्राओं ने लघु नाटिका, प्रेरक गीत के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।प्रधानाध्यापक तारा चन्द दिवाकर ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रतिवर्ष विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में सारे संसार में मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पूरे सौर मण्डल में पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है और ऐसा इसलिए है कि यहां जल के साथ ही ऑक्सीजन है। हम सभी को ऑक्सीजन पेड़पौधों से मिलती है। ऐसे में हम सभी




को चाहिए कि ऑक्सीजन के लिए धरती पर अधिकाधिक पेड़पौधे लगाएं। उन्होंने बच्चों से मा0 प्रधानमंत्री जी के अभियान एक पेड माँ के नामश को बढ़ावा दिए जाने के लिए बच्चों के साथ वृक्षारोपण भी किया।

## दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाएं एक सप्ताह में उपलब्ध कराएं प्रस्ताव

अलीगढ़ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जिले की ऐसी संस्थाएं जो निःशक्तजन अधिनियम 1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अन्तर्गत पंजीकृत हों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव हो, से आव्हान किया है कि वह प्रदेश में दिव्यांगता, उसके निवारण, बचाव, उपचार, पुनर्वास योजना के अन्तर्गत अनुदान के लिए अपने प्रस्तावों को विगत दो वर्षो की ऑडिट रिर्पोट,03 वर्षों की संस्था की प्रगति रिर्पोट, प्रचारप्रसार की कार्ययोजना एवं बजट आदि अभिलेखों सहित एक सप्ताह के अन्दर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं।उन्होंने बताया कि प्राप्त प्रस्तावों का स्थलीय निरीक्षण कर 21 बिन्दुओं की आख्या सहित निदेशालय दिव्यांगजन सश. क्तिकरण विभाग लखनऊ को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के उपरान्त प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि ोजना से सम्बन्धित दिशा–निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट uphwd-gov.पद से प्राप्त कर सकते हैं।

# विकास, कर–करेत्तर, राजस्व वसूली की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

## मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा की

अलीगढ़ मण्डलायुक्त, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम अलीगढ़ संजीव रंजन, डीएम एटा प्रेम रंजन, डीएम कासगंज मेधा रूपम, डीएम हाथरस राहुल पाण्डेय समेत सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, एडीएम एवं सम्बन्धित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहेबैठक में मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों की प्रगति, कानून व्यवस्था की स्थिति एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने पर बल दिया गया। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को सतत गश्त एवं खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व वसूली में शिथिलता पर सम्बन्धित अधिकारियों को चेतावनी और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।कमिश्नर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 अपने शुरुआती दौर



में है, शासन द्वारा लक्ष्य आवंटित किए जा रहे हैं।विभागीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार करें ताकि वर्ष के अंत तक लक्ष्य हासिल करने में कठिनाई न हो। उन्होंने सार्वज. निक शिकायतों का त्वरित निस्तारण सु. निश्चित करने पर भी जोर दिया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि प्रशास. निक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दीजाएआयुक्त द्वारा बैठक के आरंभ में जिलेवार रैंकिंग समीक्षा में गत माह के सापेक्ष एटा और कासगंज की गिरती रैंक पर चिंता व्यक्त की गई वहीं अलीगढ़ व हाथरस में सुधार पर हर्ष व्यक्त किया गया। कमिश्नर ने मण्डल भर में सड़कों की खस्ताहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए एसई लोनिवि को निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत कराएं। नगर निगम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति के बारे में एक्शन प्लान की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि जनसामान्य को पेयजल की समस्या न हो। भवन निर्माण में मण्डल की स्थित बेहतर परन्तु अलीगढ़ बॉटम पांच में रहने पर एसई आरईडी को ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन में अलीगढ़ व एटा डी और कासगंज व हा. थरस सी श्रेणी में आने पर एसई जल निगम ग्रामीण को डीएम एटा, हाथरस और कासगंज ने आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा है। कमिश्नर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी भौतिक प्रगति के साथ ही वित्तीय प्रगति में भी सुधार लाएं, ऐसा न होने पर रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल को स्वयं संचालित कर शिकायतों की मॉनिटरिंग करें।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी तहसील दिवस में अपने से सबंधित प्राप्त 4 शिकायतों को निकाल कर दिए गए मोबाईल नम्बर पर जानकारी करें कि शिकायतों की क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ विभागीय योजनाओं की रैंकिंग सुधार पर ध्यान दें। आईजीआरएस समीक्षा के दौरान परिवहन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक पाए गए।

## लखनऊ से आए नोडल अधिकारी ने खरीफ अभियान–2025 की अधिकारियों व प्रगतिशील कृषकों के साथ की समीक्षा

अलीगढ़ खरीफ अभियान 2025 के अन्तर्गत जिले की कार्ययोजना के लिए यथा आच्छादन एवं उत्पादन में वृद्धि (विशेषक. रमक्का, दलहन एवं तिलहन), कृषि निवेशों (गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कषि रक्षा रसायन) की उपलब्धता एवं वितरण, प्रसार कार्यक्रम में प्रदर्शनों के आयोजन व उनके अभिलेखीकरण, प्रजाति विशेष के आधार पर फसल चक्र में परिवर्तन कराने सम्बन्धी रणनीति बनाने के सम्बन्ध में जिले में नामित नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक (भू0सं0) लखनऊ मण्डल विनय कुमार सिंह द्वारा भ्रमण, समीक्षा बैठक एवं कृषक वै. ज्ञानिक संवाद किया गया।बैठक में जिले की स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों एवं प्रगतिशील कृ षकों के साथ समन्वय कर खरीफ एवं रबी 2025 की आगामी रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गयी। बैठक में उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) डा0 सतीश मलिक, उप कृषि निदेशक यशराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी, उ0सं0कृ 0अधि0 कोल संतोष कुमार प्रभाकर, कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 डा0 सुधीर कुमार रावत, डा0 के0डी0 दीक्षित, व0प्रा0सहा0 ग्रुप–ए विनय कुमार, एस0एम0एस0 रंजीत कुमार, डा0 प्रताप सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सहा0 कृ0नि0 लोधा अमर सिंह, व0सहा0 श्री विवेक कुमार एवं एफपीओ प्रतिनिधि बबलू शर्मा व प्रगतिशील कृषक अनिरूद्ध उपाध्याय, भूप सिंह, राजेन्द्र सिंह, हुकमपाल सिंह, जल सिंह, सुरेश कुमार, तृष्ण सिंह, रामेश्वर, राजेन्द्र सिंह, मुकेश चंद्र शर्मा, रंजीत कुमार, मुकेश सिंह, राधेश्याम शर्मा व अन्य प्रगतिशील कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।बैठक के उपरांत अलीगढ़ के लिए नामित नोडल उप कृषि निदेशक (भूमि संरक्षण) लखनऊ मंडल अधिकारी विनय सिंह द्वारा विकास खंड धनीपुर के ग्राम दिहौली के कृषक गजेन्द्र सिंह, चिरंजीलाल, कांति प्रसाद, हरी शंकर के खेत में त्वरित विकास कार्यक्रम अंतर्गत मक्का प्रदर्शन एवं एनएमईओ(ओ0एस0) योजनान्तर्गत कृषि यंत्र रोटावेटर अनुदान प्राप्त कृषक श्याम सुंदर शर्मा, ग्राम दिहोली, विकास खंड धनीपुर का निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के समय उप कृषि निदेशक अलीगढ़, जिला कृषि अधिकारी अलीगढ़, फील्ड कर्मचारी एवं ग्राम के किसान उपस्थिति रहे।

## अलीगढ़ में स्वीमिंग पूल में डूबकर हुई थी युवक की मौत, परिजनों ने दोस्तों पर लगाया है हत्या का आरोप

अलीगढ़ के देहलीगेट थाना क्षेत्र के खैर बाईपास पर युवक की मौत से नाराज परिवार के लोगों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। उन्होंने युवक की हत्या का आरोप लगाया और आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।परिजनों के हंगामे की सूचना मिलने पर कई थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई और उन्होंने परिवार के लोगों को समझाया। लगभग एक डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा। पुलिस के काफी समझाने पर परिवार के लोग शांत हुए और उन्होंने जाम खोला। इसके बाद परिवार के लोग शव का अंतिम संस्कार करने के लिए रवाना हो गए।देहलीगेट थाना क्षेत्र के नगला मेहताब निवासी 20 वर्षीय रवि सोमवार को अपने दोस्तों के साथ लोधा थाना क्षेत्र के महादेव स्वीमिंग पूल में नहाने गया था। युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में स्वीमिंग पूल में पड़ा मिला था और उसके दोस्त मौके से गायब हो गए थे।पं. चनामा भरने के बाद पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया था और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। लेकिन परिवार के लोग हत्या का आरोप लगा रहे थे और उन्होंने युवक के दोस्तों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही थी, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिवार के लोगों ने बाईपास पर जाम लगा दिया।परिवार के लोगों ने आरोप लगाया है कि युवक के दोस्तों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। मौत को एक्सीडेंट बनाने के लिए आरोपियों ने उसके शव को स्वीमिंग पूल में फेंक दिया और खुद मौके से फरार हो गए। इसलिए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाए।वहीं लोधा थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है। परिवार के लोगों ने जो तहरीर दी है, उसके अनुसार मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। जांच के आधार पर जो भी दोषी मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अलीगढ़ में सोने की कीमत ने छुआ ऐतिहासिक . ऊंचाई, 101050 रुपये प्रति 10 ग्राम

21 अप्रैल को अलीगढ़ में सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड है। इस दौरान 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 101050 रुपये रहा। कारोबारियों का मानना है कि बाजार में यह तेजी का रुख जारी रहेगा। अलीगढ़ में सोने के आभूषण तुर्किये, इटली और दुबई से आते हैं, और स्थानीय स्तर पर सोने के आभूषण तैयार नहीं होते। चांदी के भाव में भी उतार–चढ़ाव जारी है, जो इस समय 99,000 रुपये प्रति किलो पर है, जबकि छह महीने पहले यह 1 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुका था।

## अलीगढ़ में लू का अलर्ट, पारा 38 डिग्री तक पहुंचा

उत्तर प्रदेश में पछुआ हवा के असर से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को अलीगढ़ में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि प्रयागराज और कानपुर सबसे ज्यादा तपे। प्रदेश के 21 जिलों में तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक रहा। मौसम केंद्र के अनुसार इस सप्ताह कोई राहत की संभावना नहीं है और गर्मी का असर बढ़ता रहेगा।

## चाकू से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

इगलास। गांव कजरौठ निवासी कलाबुद्दीन पुत्र सलीम खां का कहना है कि उसके पिता गांव के चौराहे पर सब्जी की दुकान करते हैं। रविवार की शाम गांव का ही अहमद शहीद उर्फ धम्मा पुत्र शफी मोहम्मद गडसा हाथ में लेकर गाली देते हुए दुकान में घुस आया। सूचना पर चचेरा भाई नसीम बचाने पहुंचा तो धम्मा ने गडसा मारकर उसे घायल कर दिया और धमकी देकर भाग गया। इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी पंजीकृत की गई है। आरोपित धम्मा को ब्लाक के गेट नंबर दो से चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं गांव भौंरा गौरवा निवासी दिनेश कुमार पुत्र जुगेंद्र सिंह का कहना है कि रविवार की दोपहर कोल्ड स्टोर से काम करके लौट रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही मंजीत व प्रेमपाल ने उसके साथ मारपीट की। धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

# वरूथिनी एकादशी से मिट जाते है पिछले जन्म के पाप ?

एकादशी का व्रत करने वाले के घर में सुख–समृद्धि का वास होता है और उसके अनजाने में किए गए पाप कर्मों का नाश होता है. शास्त्रों के अनुसार जो वरूथिनी एकादशी का व्रत करता है उसका जीवन तमाम कष्टों से मुक्ति पाकर सुखी जीवन की ओर अग्रसर होता है. अंत में उसे मोक्ष मिलता है. इस साल वरूथिनी एकादशी 24 अप्रैल 2025 को है. इस दिन व्रत कथा का पाठ किए बिना श्रीहरि की पूजा अधूरी मानी जाती है वरूथिनी एकादशी कथा प्राचीन काल में नर्मदा नदी के तट पर मान्धाता नामक राजा राज्य करते थे. वह अत्यंत दानशील तथा तपस्वी थे. एक दिन जब वह जंगल में तपस्या कर रहे थे, तभी न जाने कहाँ से एक जंगली भालू आया और राजा का पैर चबाने लगा. राजा अपनी तपस्या में लीन रहे. कुछ देर बाद भालू राजा को घसीटकर पास के जंगल में ले गया.राजा बेहद डर गए लेकिन उसने क्रोध और हिंसा न करके भगवान विष्णु से प्रार्थना की, करुण भाव से भगवान विष्णु को पुकारा उनसे अपनी प्राणों की रक्षा



करने की विनती की. उसकी पुकार सुनकर भगवान श्रीहरि विष्णु प्रकट हुए और उन्होंने चक्र से भालू को मार डाला.राजा का पैर भालू काट चुका था. उन्हें दुःखी देखकर भगवान विष्णु बोलेरू हे वत्स! शोक मत करो। तुम मथुरा जाओ और वरूथिनी एकादशी का व्रत रखकर मेरी वराह अवतार मूर्ति की पूजा करो. उसके प्रभाव से पुनरू सुदृढ़ अंगों वाले हो जाओगे. ये जो हुआ वो तुम्हारे पूर्व जन्म का पाप था. भगवान की आज्ञा मानकर राजा मान्धाता ने व्रत किया. इसके प्रभाव से राजा शीघ्र ही पुनरू सुंदर और संपूर्ण अंगों वाला हो गया. इसी एकादशी के प्रभाव से राजा मान्धाता को मोक्ष भी प्राप्त हुआ.वरूथिनी एकादशी पूजा मुहूर्त वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी 23 अप्रैल 2025 को शाम 4.43 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 24 अप्रैल 2025 को दोपहर 2.32 मिनट पर इसका समापन होगा.पूजा मुहूर्त – सुबह 5.47 – सुबह 7.25 सुबह 10.41 – दोपहर 1.58

# शनि देव का मथुरा से है खास नाता, वजह जान आप भी बना लेंगे यहां दर्शन करने का प्लान

शनि एक मात्र ऐसे ग्रह हैं जिसकी दृष्टि और छाया से हर कोई बचना चाहता है. शनि ही एक ऐसा ग्रह है जिसकी छाया से मनुष्य ही नहीं देवता और प्रेत भी घबराते हैं. शनि देव का प्रभाव इतना प्रबल है कि जब ये दंड देने पर आते हैं तो ईश्वर भी नहीं संभाल पाते हैं.कारण स्पष्ट है, शनि देव को स्वंय भगवान शिव ने उन्हें न्यायाधीश यानि कलियुग का दंडाधिकारी नियुक्त कर रखा है, यही कारण है कि शनि के नाम से ही लोगों के पसीने छूट जाते हैं. पौराणिक ग्रंथों में शनि के उपाय का भी वर्णन मिलता है, शनि किसी की कुंडली में अशुभ, और जीवन में समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही तो शनि से जुड़े उपाय अवश्य करने चाहिए. उत्तर प्रदेश के मथुरा से शनि देव गहरा नाता है. यही कारण है यहां शनि की महादशा, साढ़े साती और ढैय्या से परेशान लोगों का यहां आना लगा रहता है. शनिवार के दिन यहां पर विशेष भीड़ रहती है. मथुरा के इस स्थान से शनि महाराज का क्या विशेष रिश्ता है, जानते हैं–मथुरा, सिर्फ कृ ष्ण नगरी ही नहीं, शनि की भी है

कमभूमिमथुरा को यूं तो भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है, लेकिन कम लोग जानते हैं कि यहां शनि




देव से जुड़ा एक ऐतिहासिक और पौराणिक रिश्ता भी है. मान्यता है कि शनि देव ने मथुरा में कलियुग में अपने प्रभाव को नियंत्रित रखने के लिए घोर तपस्या की थी. वे श्रीकृष्ण के जन्म से पूर्व मथुरा के पास स्थित कोसीकलां में ध्यान में लीन रहे. शनि देव के इस मंदिर को सिद्ध स्थान के रुप में मान्यता प्राप्त है. शनि से पीड़ित लोगों को यहां दर्शन मात्र से ही लाभ प्राप्त होता है.पौराणित मान्यता के अनुसार मथुरा के निकट इस शनि स्थान पर उन्होंने ब्रह्मा, विष्णु, महेश से वरदान प्राप्त किया कि जो भी भक्त इस स्थान पर दर्शन करेगा, उस पर उनका शुभ प्रभाव रहेगा. यानि शनि उसका कभी भी बुरा नहीं करेंगे. शनि देव के मंदिर मथुरा में कहां हैं? इसकी जानक. ारी आसानी से उपलब्ध है.कोसीकलां स्थिति पवित्र शनि मंदिर जानें के लिए इंटरनेट पर भरपूर जानकारी उपलब्ध है. श्रीकृष्ण जन्मभूमि से लगभग ये मंदिर लगभग 30 किमी दूर इस मंदिर में शनिवार के दिन विशेष पूजा होती है, शनिवार के दिन शनि देव का तेल से अभिषेक शुभ फद देने वाला माना गया है.अगर आप शनि की साढ़े साती या ढैय्या से जूझ रहे हैं, तो मथुरा का शनि धाम के दर्शन शनि के उपाय के तौर शुभ परिणाम देने वाला साबित हो सकता है. इस स्थान के बारे में जानकारों में कहा जाता है कि ये एक आध्यात्मिक उपाय के साथ–साथ आत्म–शुद्धि की भी अनुभूति प्रदान करता है.

# आज इन तीन राशियों की आर्थिक स्थिति रहेगी सबसे शानदार, बिजनेस में हो सकता है तगड़ा मुनाफा

आज का दिन मेष राशि वालों के लिए शुभ है। सफलता के मार्ग में आ रही बाधाओं का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। वृषभ राशि वालों को व्यापार में तगड़ा मुनाफा होगा। लेकिन आपको आज क्रोध पर संयम रखना होगा। साथ ही आप बिजनेस में आप कुछ विशेष प्रोजेक्ट को सफल करने के पीछे लगे रहेंगे। मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन जॉब में कई नवीन अवसरों को देने वाला है। तो वहीं कर्क राशि वालों की लव लाइफ में तनाव आ सकता है। जानिए बाकी राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

**मेष**–चन्द्रमा एकादश है। घर परिवार के लिए आज का दिवस सफलता भरा रहेगा। व्यवसाय के सफलता के मार्ग में बाधाओं के समाधान के लिए प्रयास करें। युवा लव लाइफ में खुश व प्रफुल्लित रहेंगे। प्रमोशन में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कार्यों में सफलता के लिए प्रयास करें। आज का उपाय –––श्री विष्णु जी की उपासना व तिल का दान करना आपके लिए हितकर रहेगा। शुभ रंग ––पीला व लाल। आज का शुभ अंक ––01 व 03

**वृष**–चन्द्रमा दशम है। आज व्यवसाय में बड़े लाभ की सम्भावना है। आलस्य का त्याग करें। अपने ही वर्क पर ध्यान केंद्रित करें। क्रोध पर संयम रखें। बिजनेस में आप कुछ विशेष प्रोजेक्ट को सफल करने के पीछे लगे रहेंगे। धन के ज्यादा व्यय को लेकर चिंतित रहेंगे। आज का उपाय ––सप्तश्लोकी दुर्गा का 09 बार पाठ करें। गाय को पालक खिलाएं। शुभ रंग ––नीला व हरा। आज का शुभ अंक ––04 व 08

**मिथुन**– चन्द्रमा नवम यानी भाग्य भाव में है। आज का दिन जॉब में कई नवीन अवसरों को देने वाला है। क्रोध को हृदय में स्थान मत दें।यदि आप शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी उच्चाधिकारी के बिहैव को लेकर चिंतित रहेंगे। आज आपकी लव लाइफ अच्छी नहीं रहेगी। परिवार में वाद विवाद की संभावना भी है।कहीं यात्रा की प्लानिंग करें। आज का उपाय ––श्री अरण्यकाण्ड का पाठ करें। अनार का दान करना अच्छा रहेगा। शुभ रंग ––हरा व सफेद। आज का शुभ अंक ––02 व 09

**कर्क**– चन्द्रमा अष्टम है। स्वास्थ्य से परेशान हो सकते हैं। किसी विशेष व्यवसाय में लगातार प्रयास करने के बा. वजूद भी सफलता नहीं मिल रही है। यदि आप रियल स्टेट या शेयर बाजार में धन का निवेश करते हैं तो भविष्य में बेहतर परिणाम पाएंगे। लव लाइफ में तनाव आ सकता है। आप भाग्यशाली हैं कि आपको इतना अच्छा लव पार्टनर मिला है। वाणी व व्यवहार में मृदुभाषिता हो। आज का उपाय ––श्री कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें। सप्त अन्न का दान फलदायी है। शुभ रंग ––लाल व नारंगी। आज का शुभ अंक –04 व 08

**सिंह**–राशि स्वामी सूर्य नवम व चन्द्रमा सप्तम है। आप जॉब में किसी कार्य को लेकर प्रयासरत रहेंगे। इस कार्य में किसी कर्क राशि के उच्चाधिकारी की सहायता मिलेगी। छात्र सफलता के लिए प्रयास करें। लव लाइफ को और बेहतर करने के लिए कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जाएं। स्टूडेंट्स अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करें। सही दिशा में करियर की तलाश करें। मन को एकाग्र करने के लिए योग व ध्यान का आलम्ब लें। आज का उपाय ––भगवान विष्णु जी की उपासना करें। चने की दाल का दान भी करें। शुभ रंग ––पीला व ना. रंगी। आज का शुभ अंक ––05 व 09

**कन्या**– सूर्य अष्टम व चन्द्रमा खष्ठम है। स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा घबड़ाने की बात नहीं है। व्यावसायिक योजनाओं को टालें मत। आप जिससे भी बात करते हैं उसका मन मोह लेते हैं। यह सकारात्मक ऊर्जा ही आपको सफल करेगा। कोई रुका कार्य पूर्ण हो जाएगा। लव लाइफ बेहतर रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज का उपाय ––हनुमान जी की उपासना करें तथा उनको पीपल के पत्ते की माला अर्पित करें। उड़द का दान करें। शुभ रंग ––हरा व नीला। आज का शुभ अंक ––04 व 08

**तुला**––सूर्य सप्तम व चन्द्रमा पंचम बहुत ही शुभ है। छात्र करियर में सफल करेंगे। बिजनेस में नवीन बिजनेस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने में लाभान्वित होंगे। लव लाइफ सुंदर व अट्रैक्टिव रहेगी। प्रेमी के साथ कहीं घूमने जाएंगे। यह रोमांटिक यात्रा आपके मन को रोमांच व तनाव से मुक्त रखेगी। ज्यादा मानसिक सोच हानिप्रद हो सकती है। व्यवसाय को लेकर खुश रहेंगे। आज का उपाय ––भगवान विष्णु को तुलसी दल अर्पित करें। सात अन्न का दान करें। शुभ रंग ––हरा व आसमानी। आज का शुभ अंक ––04 व 06

**वृश्चिक**–मंगल रियल स्टेट में लाभ देगा। चन्द्रमा चतुर्थ शुभ है। सब बेहतर होगा। जॉब व बिजनेस ठीक रहेगा। रियल स्टेट में निवेश करें।मन आध्यत्मिक उन्नयन से आनंदित व ऊर्जा से भरा रहेगा। लव लाइफ को लेकर चली आ रही कुछ चिंताएं जो मन मे थीं उनका समाधान भी हो जाएगा। बड़े भाई का सहयोग लाभप्रद रहेगा। आज का उपाय –भगवान कृष्ण जी की उपासना करें। श्री विष्णुसहस्रनाम का पाठ करने से बिगड़े स्वास्थ्य ठीक हो जाते हैं। तिल का दान करें। आज का शुभ अंक ––02 व 05

**धनु**– गुरु खष्ठम व चन्द्रमा तृतीय मंगलमय है। जॉब में प्रोग्रेस से मन प्रसन्न रहेगा। जॉब में अपने प्रभाव को और बेहतर करें। जॉब व व्यवसाय को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। लगातार कर्म करने से भौ. तिक संताप से मुक्ति मिलेगी। लव लाइफ को लेकर उत्साह व आनन्द में रहेंगे। हेल्थ बेहतर रहेगा। आज का उपाय –––बड़े भाई का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें। मसूर व गुड़ का दान उत्तम फलदायी है।शुभ रंग ––पीला व नारंगी । आज का शुभ अंक ––05 व 08

**मकर**– शनि तृतीय व चन्द्रमा द्वितीय हूं। करियर में आपकी पोजिशन पहले से बेहतर होगी। अध्ययन बेहतर होगा। आप एक आत्मबल के धनी व्यक्ति हैं। अपनी सकारात्मक सोच से ही अपने जीवन को सही दिशा दे सकते हैं। लव लाइफ अच्छी होगी। आज का उपाय ––भगवान गणेश जी की उपासना आपकी सहायता करेगी। राहु के द्रव्य तिल व उड़द का दान करें। कनकधारास्तोत्र का पाठ करें, आर्थिक लाभ होगा। शुभ रंग ––सफेद व नीला। आज का शुभ अंक ––02 व 03

**कुम्भ**– आज चन्द्रमा इसी राशि में हैं। आप जॉब वर्क को लेकर तनाव व कार्यों की अधिकता से परेशान रह सकते हैं। जॉब में सही समय पर उचित निर्णय लेना सीखें। स्टूडेंट्स के लिए निगेटिव सोच प्रॉब्लम दे सकते हैं। आज बिजनेस में एक अच्छी बात ये रहेगी कि बहुत दिनों से रुका धन प्राप्त होने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आज का उपाय ––माता दुर्गा जी की उपासना करें। सात अन्न का दान करें। शुभ रंग –सफेद व हरा। आज का शुभ अंक –05 व 08

**मीन**– चन्द्रमा व्यय भाव व गुरु तृतीय है। व्यवसाय को लेकर परेशान रहेंगे। अपनी व्यावसायिक कार्य पद्धति को सही दिशा देंगे जिसमें आपके मित्रों का बहुत योगदान रहेगा। बिजनेस को लेकर खुश रहेंगे। छात्रों का करियर प्रोग्रेसिव रहेगा। लव लाइफ में रोमांटिक जर्नी का आनन्द उठाएंगे। आज का उपाय ––श्री गजेंद्रमोक्ष के पाठ से सम्पूर्ण समस्या का समाधान होगा। नित्य भगवान विष्णु की उपासना करते रहें। शुभ रंग ––लाल व पीला। आज का शुभ अंक ––02 व 03

# गंगा सप्तमी सालभर में कितनी बार आती है ?

हिंदू धर्म में, गंगा नदी को सबसे पवित्र नदी माना जाता है और देवी के रूप में पूजा की जाती है। इसलिए, गंगा सप्तमी हिंदुओं के लिए एक शुभ दिन माना जाता है और यह देवी गंगा को समर्पित होता है. ऐसा माना जाता है कि गंगा नदी में स्नान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है. हर साल यह पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन मनाया जाता है. इस साल गंगा सप्तमी 2025 में कब मनाई जाएगी. आइए जानते हैं –गंगा सप्तमी 2025 कब ?गंगा सप्तमी 3 मई 2025 रविवार को मनाई जाएगी. इस दिन को गंगा पूजन तथा गंगा जयन्ती के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन देवी गंगा का पुनर्जन्म हुआ था.गंगा




सप्तमी 2025 मुहूर्त वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी 3 मई 2025 को सुबह 7 बजकर 51 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 4 मई 2025 को सुबह सुबह बजकर 18 मिनट पर होगा.गंगा सप्तमी मध्याह्न मुहूर्त – सुबह 10:58 –दोपहर 1:38गगा सप्तमी महत्व पौराणिक कथाओं के अनुसार, जाह्नु ऋषि ने वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को अपने कान से गंगा को मुक्त किया था। अतः इस कथा के कारण इस दिन को जाह्नु सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। देवी गंगा को ऋषि जाह्नु की पुत्री जाह्नवी के रूप में भी जाना जाता है. वैदिक ज्योतिष के अनुसार, इस दिन देवी गंगा की पूजा करने से व्यक्ति के कुंडली में स्थित मंगल दोष का प्रभाव कम हो सकता है, क्योंकि यह 'मंगल' ग्रह के प्रभाव को शांत करता है.गंगा सप्तमी पर क्या करें गंगा सप्तमी के दिन अज्ञानतावश हुए पापों से मुक्ति के लिए गंगा स्नान को विशेष महत्व दिया गया है. अगर कोई गंगा स्नान नहीं कर पाता है, तो उसे घर पर ही नहाते समय जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए.सुख–समृद्धि की प्राप्ति के लिए गंगाजल में दूध मिलाकर शिव को चढ़ाएं. कपूर का दीपक जलाकर जल में प्रवाहित करना चाहिए. इस दिन दान–पुण्य को भी बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन दान करने से सभी दुरूख दूर होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग खुल जाते हैं.

# वृंदावन से पहले कहां–कहां बांके बिहारी जी ने दिए भक्तों को दर्शन, नहीं जानते होंगे आप!



वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में बिहारी जी बाल रूप में विराजमान है, जिस कारण यहां सेवायत पुजारियों के साथ–साथ यहां आने वाला हर भक्त उन्हें लाड़ लड़ाये बिना नहीं रह पाता है. बिहारी जी का यह मंदिर काफी चमत्कारी भी माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं, कि इससे पहले बिहारी जी अलग– अलग कई मंदिर में विराजमान रह चुके हैं, अगर आप नहीं जानते हैं, तो चलिए बताते हैं.आपको बता दें, वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी जी का वर्तमान मंदिर जयपुर नरेश महाराजा जयसिंह द्वितीय के पुत्र महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह द्वारा वर्ष 1748 में दी गई 1.15 एकड़ भूमि पर बना हुआ है. उस वक्त ब्रज का एक बहुत बड़ा क्षेत्र जयपुर घराने के स्वामित्व में आता था. वहीं, इससे पूर्व बिहारी जी कई अलग–अलग जगहों पर बने मंदिर में विराजमान रह चुके हैं.